Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding renovation of Ahilyasthan Temple in Madhubani Parliamentary Constituency.

श्री अशोक कुमार यादव (मधुबनी): महोदय, मधुबनी लोक सभा अंतर्गत दरभंगा जिले के जाले प्रखं स्थित अहिल्या स्थान ऐतिहासिक धरोहर के रूप में विद्यमान है।... (व्यवधान) कथाओं के अनुसार मा अहिल्या गौतम ऋषि की पत्नी तथा ब्रह्मा जी की मानस पुत्री थीं।... (व्यवधान) हिन्दू परम्परा में इन्हें सृष्टि व पवित्रतम पाँच कन्याओं में से एक गिना जाता है और इन्हें प्रात: स्मरणीय माना जाता है।... (व्यवधान) क जाता है कि ऋषि विश्वामित्र की आज्ञा से इसी स्थान पर भगवान राम ने माता अहिल्या का उद्धार किया अ तत्पश्चात् ईशान कोण से चलते हुए, ऋषि विश्वामित्र के साथ विदेह नगरी जनकपुर पहुँचे।... (व्यवधान) इ पौराणिक स्थल को रामायण सर्किट से भी जोड़ा गया है।... (व्यवधान) वहीं वर्ष 2013 में ही इस स्थल व पुरातत्व विभाग, भारत सरकार के द्वारा अधिग्रहण किया जा चुका है।... (व्यवधान) तथापि वर्षों से पुर मंदिर वहाँ अवस्थित हैं और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं।... (व्यवधान)

मैं भारत सरकार के संस्कृति मंत्री से आग्रह करता हूँ, माँग करता हूँ कि वहाँ पर जो मंदिर है, वह ए ऐतिहासिक मंदिर है और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, उसका जीर्णोद्धार कराने की आवश्यकता है।. (व्यवधान) मैं सरकार से ऐसी माँग करता हूँ, धन्यवाद।... (व्यवधान)

संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी): मैं कहना चाहता हूं कि जब यूक्रे की सिचुएशन पर चर्चा के लिए इन लोगों ने पूछा था, तब डिटेल में चर्चा हो गई है। ...(व्यवधान) माननी हरदीप सिंह पुरी जी, जो पेट्रोलियम मंत्री हैं, उन्होंने इंटरवीन करते हुए पूरा डिटेल में उत्तर दिया।. (व्यवधान) इन लोगों ने ही मांगा था कि यूक्रेन पर चर्चा हो जाए।...(व्यवधान) उसमें इंटरवीन होते हु पेट्रोलियम मंत्री ने डिटेल में उत्तर दिया और अभी माननीय विदेश मंत्री उत्तर देने जा रहे हैं।...(व्यवधान) क ये लोग चर्चा नहीं चाहते हैं?...(व्यवधान) ये लोग क्या चाहते हैं?...(व्यवधान) I appeal to them to kind participate in the debate. The hon. External Affairs Minister would like to reply in detail. Kind listen to the reply. This is my appeal. … (*Interruptions*)